दिनांक 12.05.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम क्षेत्र में हो रही है नालियों की निरंतर सफाई, सफाई के पश्चात चुना एवं ब्लीचिंग का किया जा रहा है छिड़काव

भिलाईनगर / डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के तहत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में टेमीफास् का वितरण घर-घर किया जा रहा है ताकि डेंगू के लार्वा को समाप्त किया जा सके तथा नालियों की निरंतर सफाई की जा रही है और सफाई के पश्चात चूना एवं ब्लीचिंग का छिड़काव किया जा रहा है। मच्छरों के उन्मूलन के लिए नालियों में मेलाथियान का स्प्रे किया जा रहा है तथा गली मोहल्लों में फागिंग कराई जा रही है! आज निगम के सफाई कर्मी वार्डों के भीतर 17,840 मीटर नालियों की सफाई कर चुना एवं ब्लीचिंग का छिड़काव किए तथा मच्छर उन्मूलन के तहत मलेरिया आॅयल व जला आॅयल का छिड़काव जलभराव वाले स्थानों में किए। जोन के स्वच्छता अधिकारी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक नियमित स्वच्छता कार्यो की माॅनिटरिंग भी रहे है। जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह से ही नालियों की सफाई कराई जा रही है।

जोन क्षेत्र में नालियों की सफाई

आज जोन कं 01 क्षेत्र के 6370 मीटर की नाली ,जोन क. 02 क्षेत्र के 3300 मीटर की नाली, जोन क. 03 क्षेत्र के 3120 मीटर की नाली तथा जोन क. 04 खुर्सीपार क्षेत्र के 5050 मीटर नाली की सफाई की गई!

डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए अपील डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के तहत निगम प्रशासन आमजन से अपील करती है कि अपने घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, घरों के विभिन्न पात्रों जैसे गमलों, टायर आदि में जलभराव न होने दें , निगम द्वारा वितरण किए जा रहे हैं टेमीफास् का दो बूंद कूलर इत्यादि पात्रों में जहां पानी जमा होता है उसमें उपयोग करें ताकि डेंगू का लार्वा को नष्ट हो जाए तथा बच्चों को टेमीफास् से दूर रखें!